## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार



शहडोल। जिले के धनपुरी थाना में फरियादी रामदयाल वर्मन निवासी धनपुरी द्वारा वरिष्ठ कार्यालय में सूचना दी गई थी कि दीपक शर्मा व शशांक तिवारी के द्वारा आवेदक का खाता एक्सिस बैंक अनूपपुर में खुलवाकर आवेदक की चेकबुक, पासबुक, एटीएम अपने पास रखकर षडयंत्रपूर्वक धोखाधड़ी कर आवेदक के खाते में अवैध राशि आरटीजीएस, एनएफटी के माध्यम से करीबन 24,22,000 रूपये जमा करायी गयी है और उक्त राशि को चेकों के माध्यम से निकाल कर आवेदक के साथ दीपक शर्मा व शशांक तिवारी के द्वारा षडयंत्रपूर्वक धोखाधड़ी राशि आहरण की गई है। पुलिस द्वारा थाना धनपुरी में उक्त आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण दीपक शर्मा एवं शशांक तिवारी को पूर्व में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है, जो एक माह से जेल में निरूद्ध है। मामले का फरार आरोपी शिवेन्द्र तिवारी पिता अशोक तिवारी उम्र 28 साल निवासी नरीमन प्वाइंट महालक्ष्मीनगर थाना लहसुडिया जिला इन्दौर को 31 मई को हरियाणा से गिरफ्तार कर 04 जून को माननीय न्यायालय बुढार पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही एसडीओपी धनपुरी के नेतृत्व में की गई है। कार्यवाही में उप निरीक्षक नागेन्द्र प्रताप सिंह के साथ सहायक उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, आरक्षक परिमाल सिंह एवं अमित सिंह की भूमिका रही है।

### गांजा तस्करी के प्रकरण में 93 बोरा मक्का बरामद

शहडोल। 19 मई को रात्रि में जयसिंहनगर थाना अंतर्गत ग्राम गिरुई खुर्द में 38 क्विंटल से ज्यादा गांजा बरामद हुआ था, गत पंद्रह सालों में जिले में गांजा की इतनी बड़ी बरामदगी का यह पहला प्रकरण है। इसी तारतम्य में कुख्यात गांजा तस्कर गोलाई गुप्ता जो पूर्व में छः साल फरार रहा था, को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया था। आरोपी को पुलिस रिमांड में लिया जाकर उससे गहनता से पूछताछ की गई। इस दौरान उसके फार्म हाउस से करीबन 31 किलो गांजा व 17 बोरा मक्का बरामद किया गया था। पुनः जयसिंहनगर पुलिस द्वारा प्रकरण में सुनील कुमार गुप्ता के गोदाम ग्राम मउ से 93 बोरा मक्का बरामद किया गया है। गांजे को इन्हीं मक्का के बोरों के नीचे छिपा कर लाया गया था। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जयसिंहनगर निरीक्षक अजय बैगा, थाना प्रभारी सीधी निरीक्षक राजकुमार मिश्रा, प्र.आर. नरेन्द्र उपाध्याय, सायबर सेल एवं अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

### आरक्षक ने पेश की मानवता की मिसाल



शहडोल। देशभक्ति जनसेवा के सिद्धांतों पर चलते हुई पुलिस हमेशा से लोगों की मदद करती है, मुसीबत के वक्त खाकी हमेशा पहुंचकर अपना फर्ज निभाती है, तो कभी बिना बुलाए भी वहां पहुंच जाती है और मदद कर मानवता की मिसाल पेश करती है। मानवता की मिसाल ऐसे ही मिसाल पेश की है, जिले के अजाक थाना शहडोल में पदस्थ आरक्षक सुरजीत सिंह जाट ने गत दिवस सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना मिली कि डिंडौरी जिले की सावित्री धुर्वे गर्भवती महिला सावित्री धुर्वे को इलाज के दौरान ऑपरेशन होना जरूरी है और उसके लिए रक्त की तत्काल जरूरत है, सूचना पाकर तुरंत आरक्षक सुरजीत सिंह जाट ने दिए गए फोन नंबर पर कॉल कर सूचित किया कि में बहुत जल्दी ही ब्लड डोनट करने आ रहा हूं। संवेदनशील आरक्षक सुरजीत सिंह जाट ने मानवता की मिसाल पेश की है, जिससे पूरा जिला मुक्त कंठ से सराहना कर रहे है।

### जिले में आयोजित किए जा रहे कृषि शिविर

शहडोल। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा बुढ़ार, सोहागपुर तथा गोहपारू जनपद पंचायतों के तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 05 जून 2025 को सोहागपुर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अल्पना शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम धनपुरा, बरतरा तथा विक्रमपुर में गोहपारू जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम बरहा तथा खांड़ में जनपद पंचायत बुढ़ार में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में बिरौड़ी, जैतपुर तथा साखी में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## सांसद का एक कॉल... और बच गई पांच की जान

# दुर्घटना में तड़प रहे पीड़ितों को लेने एक साथ पहुंची कई एम्बुलेंस



### आधे घंटे से अधिक समय तक लोग बना रहे थे रील

बुधवार की शाम करीब 6 बजे एनएच-43 पर हुए सडक़ हादसे के बाद तड़प रहे पीड़ितों की मदद और उन्हें अस्पताल पहुंचाने की जगह लोग रील बना रहे थे, इस दौरान सोहापुर पुलिस भी अज्ञात कॉल पर मौके पर पहुंची, लेकिन एम्बुलेंस नहीं आई, इसी दौरान मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से वापस लौट रही क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह निकलते समय रूकी और कलेक्टर को कॉल कर एम्बुलेंस बुलवाई और पीड़ितों को अस्पताल भेजा।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।





बुधवार को संभाग के उमरिया जिले में प्रवास के दौरान ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने उद्बोधन में सडक़ दुर्घटना समय पर अस्पताल न पहुंचने के कारण लगातार बढ़ रही मृतकों की संख्या पर चिंता जाहिर करते हुए प्रदेश भाजपा सरकार द्वारा राहगीर योजना की जानकारी दी। जिसके तहत घायलों को अस्पताल तक पहुंचाने में मदद करने वालों को 25 हजार रूपये ईनाम देने की घोषणा की गई। कार्यक्रम के अगले कुछ घंटो के बाद क्षेत्रीय महिला सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने पीड़ित मानवता की सेवा की ओर कदम बढ़ाते हुए सरकार की योजना को तो फलीभूत किया ही, उनके एक कॉल ने चार घायलों की जान भी बचा दी।

### पिकप की ठोकर से हादसा

जिले के बुढ़ार थाना अंतर्गत ग्राम लालपुर में रहने वाले कोल परिवार के चार लोग अलग-अलग दो मोटर सायकलों में सवार होकर शहडोल की ओर आ रहे थे, शाम 6 बजे के आस-पास पिकप वाहन क्रमांक एमपी 18 जेडडी 5449 ने पीछे से दोनों वाहनों को ठोकर मार दी, जिससे वाहन सवार चारों लोग बुरी तरह जख्मी हो गये, टक्कर इतनी जोरदार थी कि वाहन में सवार 32 साल के संतोष कोल का एक पैर जांघ से कटकर अलग हो गया। अन्य तीन को भी गंभीर चोटे आईं, मांस के लोथड़े हाईवे पर बिखर गये।

### मदद की जगह बन रही थी रील

मुख्य मार्ग होने के कारण सडक़ पर आवाजाही बनी रहती है, कुछ मिनटों में ही दर्जनों लोग इक_ हो गये, घायलों को उठाकर किनारे तो किया, लेकिन उन्हें अस्पताल तक पहुंचाने की किसी ने भी हिम्मत नहीं दिखाई।

### जाको राखे साईयां, मार सके न कोय

कहने को तो, सडक़ दुर्घटना में चार लोग घायल हो गये और उन्हें समय पर अस्पताल न पहुंचाया जाता तो, उनमें से किसी की मौत भी हो सकती थी, समय पर अस्पताल पहुंचाकर पीड़ितों की जान बचाने वाली क्षेत्रीय सांसद को भी शायद इस बात का भान नहीं था कि जिस ग्रामीण महिला को गंभीर हालत में समय पर अस्पताल पहुंचा, वह गर्भवती थी, मेडिकल कॉलेज चिकित्सक विपिन पटेल कहते हैं कि दुर्घटना से महिला घायल हुई, उसके पेट में भी चोट आई थी, समय से पहुंचने और दवाईयां मिलने से मां और गर्भ में पल रहा बच्चा दोनों स्वस्थ्य हैं।

### रील बनाने वालों के लिए बनी मिसाल

शहडोल संसदीय क्षेत्र की युवा महिला सांसद ने बुधवार की शाम सडक़ दुर्घटना के दौरान घायलों सहित गर्भवती महिला को समय पर अस्पताल पहुंचाकर न सिर्फ मानवता का फर्ज निभाया, बल्कि आधे घंटे से अधिक समय तक सडक़ पर पड़े तड़प रहे पीड़ितों की रील बनाने वालों को भी एक संदेश दिया है। घटना के दौरान उन्होंने यह भी नहीं देखा कि घायल उन्हीं के संसदीय क्षेत्र के हैं या नहीं, बताया गया कि घायलों में अजीत कोल पिता संतोष कोल उम्र 9 वर्ष, गुलबिया कोल पति संतोष कोल उम्र 29 वर्ष गभवती महिला, संतोष कोल उम्र 32 वर्ष, ऐतु कोल पिता धन्नू कोल उम्र 35 वर्ष सभी निवासी ग्राम लालपुर के रहने वाले हैं, क्षेत्रीय सांसद ने उमरिया में मुख्यमंत्री के राहगीर योजना का उल्लेख करने के बाद के कुछ घंटो में योजना की सार्थकता सिद्ध कर दी।

108 सहित सोहागपुर थाने को कॉल किया गया, पुलिस अभी आई, लेकिन आधे घंटे तक हाईवे से आधा सैकड़ा वाहन गुजरे,लेकिन किसी ने वाहन रोककर अस्पताल नहीं पहुंचाया, अलबत्ता दर्जनों लोग मोबाइल पर रील बनाकर वॉयरल करते रहे।

### सांसद बनी मसीहा

क्षेत्रीय सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह इसी दौरान मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम से होकर बुढ़ार की ओर जा रही थी, दुर्घटना देखकर श्रीमती सिंह खुद को नहीं रोक पाईं, गाड़ी से उतरकर पहले घायलों के पास गई, तत्काल कलेक्टर शहडोल सहित अन्य को कॉल कर मदद मांगी, कुछ देर में कई एम्बुलेंस शहडोल और बुढ़ार की ओर से पहुंच गई। घायलों को अपने सामने एम्बुलेंस में अस्पताल भिजवाया और जब तक उन्हें ओपीडी में भर्ती नहीं करा दिया, तब तक मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों से इस संबंध में चर्चा करती रहीं। फिलहाल एक की हालत गंभीर बताई गई है।

## बस-ट्रक की भिडंत में युवती का कटा हाथ

शहडोल। जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में बुधवार दोपहर लगभग 1 बजे एक भीषण सडक़ हादसा हुआ, जिसमें बस एवं ट्रक के बीच हुई टक्कर में बस में सवार एक युवती का एक हाथ कटकर अलग हो गया । वहीं बस में सवार कुछ अन्य यात्री भी घायल हो गये । घटना के बाद गंभीर रूप से घायल युवती समेत अन्य सभी घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। खबर है कि पक्षीराज ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 18 पी 1557 जो मनेन्द्रगढ़ से सीधी जा रही थी, इसी दौरान दोपहर लगभग 1 बजे जब बस ब्यौहारी थाना क्षेत्र के गूरा घाटी हनुमान मंदिर से पास घाटी से गुजर रही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा क्रमांक एमपी 18 एच 5046 का चालक लापरवाही पूर्वक तेज गति से वहां से



निकला ,जिससे हाइवा साइड से बस से टकरा गया । इस हादसे में बस में खिडक़ी के पास बैठी मनेन्द्रगढ़ निवासी शिवानी उपाध्याय पिता तुलसीदास उपाध्याय उम्र 22 वर्ष का दाया हाथ कटकर अलग हो गया । साथ ही बस में सवार शिवानी की छोटी बहन ऋद्धी उपाध्याय समेत आधा दर्जन यात्री घायल हो गये । घटना के बाद सभी घायलों को पुलिस द्वारा उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ब्योहारी में भर्ती कराया गया । वहीं गंभीर रूप से घायल युवती का प्राथमिक इलाज ब्योहारी में करने के बाद वहाँ पदस्थ डॉ.राघवेन्द्र सिंह एवं डॉ.रामकृष्ण पाण्डेय ने त्वरित आवश्यक इलाज कर कटे हुए हाथ को आइस बाक्स में सुरक्षित कर उसे दोपहर में ही रीवा मेडिकल कालेज भेज दिया, ताकि समय रहते उसका समुचित उपचार किया जा सके । पता चला है कि घायल युवती के पिता तुलसीदास उपाध्याय मनेन्द्रगढ़ (छग) में पूजा-पाठ का कार्य करते हुए जीवकोपार्जन करते हैं। उन्होंने बस में उनकी पत्नी मनीषा उपाध्याय, पुत्री शिवानी उपाध्याय उम्र 22 वर्ष , ऋद्धी उपाध्याय 05 वर्ष तथा पुत्र शिवम् उपाध्याय उम्र 16 वर्ष को मनेन्द्रगढ़ बस स्टैंड से पक्षीराज बस में बैठाकर सीधी रवाना किया। जहां ग्राम पटपरा, जिला सीधी में तुलसीदास उपाध्याय की ससुराल है।

विस्तृत समाचार पेज 13 पर ....!

## विश्वविद्यालय में हुआ फिनिशिंग स्कूल का आयोजन



शहडोल।

अंग्रेजी विभाग की फिनिशिंग स्कूल पहल के अन्तर्गत मॉक इंटरव्यू सत्र में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से आए 55 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपने साक्षात्कार कौशल को और परिष्कृत किया। मॉक इंटरव्यू विद्यार्थियों को शैक्षणिक सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक पेशेवर आवश्यकताओं के बीच की दूरी को समाप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

कार्यक्रम में पैनल सदस्य कुलगुरु प्रो. रामशंकर, कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी, परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ, प्रो. मनीषा तिवारी स्वयं, डॉ. सौरभ शिवा, डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा एवं अंग्रेजी विभाग की शोधछात्रा कु. रानू सोनी सम्मिलित रहे। सभी पैनल सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया।

कुलगुरु प्रो. रामशंकर एवं कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने प्रतिभागियों की अकादमिक तैयारी और अभिव्यक्ति की स्पष्टता पर ध्यान केंद्रित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए, वहीं प्रो. गीता सराफ और प्रो. मनीषा तिवारी ने विषयगत दृष्टिकोण तथा प्रस्तुतिकरण की शैली पर गहन चर्चा की। डॉ. सौरभ शिवा एवं डॉ. सिद्धार्थ मिश्रा ने प्रतिभागियों को व्यावहारिक, स्थिति-विशिष्ट प्रश्नों के माध्यम से समस्या-समाधान क्षमता का आकलन किया, और कु. रानू सोनी ने युवा शोधकर्ता के नाते संचार शैली तथा आत्म-विश्वास को निखारने वाले सुझाव साझा किए। प्रतिभागियों को अलग अलग विभाजित कर परीक्षात्मक अवस्थाएँ प्रस्तुत की गईं—पहला राउंड शैक्षणिक नौकरी के साक्षात्कार का सिमुलेशन था, जबकि दूसरे राउंड में कुलगुरु जी ने साक्षात्कार के बीज मंत्र दिए। प्रत्येक राउंड के पश्चात पैनल ने व्यक्तिगत तथा सामूहिक दोनों स्तरों पर सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रतिक्रिया दी, जिससे छात्रों ने अपनी मजबूत और सुधार योग्य पक्षों को स्पष्ट रूप से जाना। कई विद्यार्थियों ने इस अभ्यास को अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि वरिष्ठ संकाय एवं प्रशासनिक सदस्यों के समक्ष बैठे प्रश्नों का सामना करने के बाद उनमें आत्म-विश्वास और तैयारी दोनों में स्पष्ट वृद्धि हुई।

अपने उद्बोधन में कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल शैक्षणिक विस्तार तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों को व्यावहारिक दुनिया की चुनौतियों के लिए भी तैयार करना है। आज के इस अनुभव में यह रेखांकित किया गया कि विद्यार्थी पहले स्वयं का आत्ममूल्यांकन करें, अपनी क्षमताओं एवं योग्यताओं को पहचानें और फिर अपने विचारों को स्पष्ट एवं आत्मविश्वासपूर्वक प्रस्तुत करें। इन बिंदुओं पर ध्यान देने से ही एक सफल साक्षात्कार का मार्ग प्रशस्त होता है।

प्रतिपुष्टि सत्र में सभी प्रतिभागी पुनः संगोष्ठी कक्ष में एकत्रित हुए। यहाँ प्रो. मनीषा तिवारी ने छात्रों से उनके अनुभव साझा करने को कहा, जिनमें से एक एम.ए. अंतिम वर्ष की छात्रा ने उल्लेख किया, इस मॉक इंटरव्यू ने न केवल मेरी तैयारी को सुदृढ़ किया, बल्कि आत्म-विश्वास भी बढ़ाया। वरिष्ठ सदस्य जिन प्रश्नों से गुजरने के लिए प्रेरित करते हैं, उससे भावी इंटरव्यू की चिंता स्वयं समाप्त हो गई। 'फिनिशिंग स्कूल' पहल के इस मॉक इंटरव्यू सत्र ने विद्यार्थियों को वास्तविक परिदृश्य में स्वयं को कसने और आत्म-विश्लेषण करने का अवसर दिया। अंग्रेजी विभाग ने इस सफलता को देखते हुए आगामी सत्रों पाथ फाइंडर, व्यक्तित्व विकास, करियर क्लिक्स, एवं टॉक स्मार्ट का आयोजन कर अन्य विभागों के छात्रों तक इस अनुभव को पहुँचाने की रूपरेखा तैयार कर ली है, जिससे विश्वविद्यालय में समग्र रूप से छात्रों के आत्मविश्वास और पेशेवर कौशल को निखारने में मदद मिल सके।

## निर्माणाधीन बिल्डिंग की लिफ्ट से गिरने से युवक की मौत

### लापरवाही से गई युवक की जान, गुणवत्ताहीन बिल्डिंग की नहीं हो रही है जांच

उमरिया।



जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौरोजाबाद के पीछे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निर्माण कार्य चल रहा था, उसी निर्माण कार्य के दौरान दूसरी मंजिल तरफ लिफ्ट जा रही थी, लिफ्ट में क्षमता से अधिक 6 से 7 लोग सवार हो गए थे, उसी वक्त लिफ्ट अनबैलेंस होने के कारण अजय कोल लिफ्ट से गिर गया, दूसरे साथी ने उसको बचाने के लिए हाथ पकडऩे की कोशिश की, लेकिन उसको पकड़ नहीं पाया और अजय कोल नीच गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। नीचे मजदूरों की पूरी टीम इक_ा हो गई, जिसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जिसकी मौके पर ही मौत होने की जानकारी दी गई, घटना के बाद तुरंत परिजनों को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे, ठेकेदार अभय सिंह की लापरवाही के कारण आदिवासी परिवार के इकलौते लडक़े अजय कोल की मौत हो गई। वहीं सुपरवाइजर ने जानकारी देते हुए बताया कि ठेकेदार अभय सिंह का काम चल रहा है , इस लिफ्ट से कई मजदूर बैठकर काम करने के लिए ऊपर जा रहे थे, उसी लिफ्ट में अजय कोल भी था, जो लिफ्ट से नीचे गिर पड़ा, लोगो का आरोप है कि लिफ्ट में ज्यादा लोड होने के कारण अनबैलेंस होकर गिर जाने से एक गरीब मजदूर गिर गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। आगे की जांच और कार्यवाई पुलिस के द्वारा की जा रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम



शहडोल। क्षेत्रीय कार्यालय मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वाधान में 4 जून विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन पर नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम आयोजित किया गया, वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर नुक्कड़ कलाकारों के द्वारा नाटक का प्रदर्शन किया गया, नाटक कलाकार की भूमिका में समाज सेवी प्रकाश राव, वरिष्ठ कलाकार सुधीर शुक्ला और इस्ताक खान तथा अन्य साथी कलाकार ने अपनी उपस्थिति देकर अपनी कला के माध्यम से जन समुदाय को प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम के आयोजन में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक ए. के. दुबे, वैज्ञानिक बी.एम पटेल, सहायक यंत्री श्रेयस पाण्डे, अशोक शर्मा तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कर्मचारी गण ललिता मरावी, विजय शंकर पाठक, राजेश सिंह, इंद्रभान मिश्रा, विश्वनाथ वर्मा, मोतीलाल पटेल, तुलसीदास महरा, सुभाष निगम, बालेंद्र सिंह,कामता बैगा, जया कुशवाह, शालिनी जायसवाल, दीप्ति कुशवाहा, लालमन यादव, गणेश सिंह, प्रेम परवार, घासीराम, संपत कुमार रजक, राम लखन नामदेव ने जन समुदाय से अपील की प्लास्टिक प्रदूषण की रोकथाम वैश्विक स्तर पर जरूरी है हम समाज से प्लास्टिक को दूर करें और उसके उपयोग मे लाने से बचें साथ जनसमुदाय को पर्यावरण संरक्षण में सहभागिता की शपथ दिलाई गई।

## विभिन्न मांगों को लेकर रोजगार सहायकों ने सौंपा ज्ञापन

# वरिष्ठ अधिकारी आये दिन बनाते हैं दबाव

### पंचायत सचिव नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण सहित कई मांगे शामिल

शहडोल।

ग्राम रोजगार सहायकों ने जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जयसिंहनगर को ज्ञापन सौंपा। अपनी विभिन्न मांगों को रखने के लिए समस्त रोजगार सहायकों ने एक दिवसीय अवकाश रखा, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। उनका कहना है कि हम विगत 15 वर्षों से पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, लेकिन आए दिन वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हमारे ऊपर दबाव बनाया जाता है, साथ ही पद से पृथक करना, वेतन रोकना या वेतन काटने जैसी कार्यवाहियां भी रोजगार सहायकों के साथ हुई हैं।

### अनुकंपा नियुक्ति एवं आश्रितों को मिले सहायता राशि

विगत तीन माह में हमारे 30 से अधिक ग्राम रोजगार सहायक साथी असमय ही काल के गले में समा चुके हैं, इस बात का आज तक किसी ने संज्ञान नहीं लिया ना ही हमारे विभाग द्वारा इस पर कोई चिंतन किया गया। उनका कहना है कि रोजगार सहायक की किसी दुर्घटना में मृत्यु हो जाने की स्थिति में भी ना तो परिवार को किसी प्रकार की आर्थिक सहायता और ना ही अनुकंपा नियुक्ति दी जाती है, अतः हमारी यह मांग भी पूरी की जाए। पंचायत सहायक सचिव के पद संविलियन कर जिला संवर्ग ग्रेड पे प्रदान किया जाए। दिवंगत ग्राम रोजगार सहायकों के आश्रितों को अनुकंपा



नियुक्ति एवं ?500000 अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की जाए। माननीय पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा सीएम हाउस से 25 अगस्त 2018 को की गई ग्राम रोजगार सहायक के हितार्थ घोषणाओं एवं 28 जून 2023 को ग्राम रोजगार सहायकों की महा पंचायत में की गई घोषणा के अनुसार पंचायत सचिव की नियुक्ति में 50त्न आरक्षण प्रदान किया जाए।

### एकपक्षीय कार्रवाई का किया विरोध

ग्राम रोजगार सहायकों को प्रतिमाह एक निश्चित समय सीमा में मानदेय प्रदान करने हेतु समुचित व्यवस्था की जाए एवं दिए गए निर्देशों में लापरवाही बरतने पर स्पष्टीकरण मांगा जाए किसी प्रकार की एक पक्षीय कार्यवाही नहीं की जाए। इन विभिन्न मांगों को लेकर रोजगार सहायकों ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी मांगे आगामी 15 दिवस के अंदर पूरी नहीं की जाती तो, वह अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी ।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान मुख्य रूप ग्राम रोजगार सहायक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष भास्कर सिंह सेंगर, सचिव संजय पाठक, अवधेश केवट, संजय केवट, शैलेश गुप्ता, अजय गुप्ता रमाकांत मिश्रा, मुनिया यादव, संगीता वर्मा, सविता सिंह कंवर, प्रतिभा गुप्ता, नीरज तिवारी, धर्मेंद्र सिंह, वीरेंद्र द्विवेदी सहित अत्यधिक संख्या में रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

# बिजुरी के शराब दुकान में हो रही मनमानी

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** नगर में संचलित शराब की दुकान पर शराब को सरकारी रेट पर न बेच कर ओवर रेट बेचा जा रहा है। यह कार्य शराब दुकान मालिक आबकारी विभाग के अधिकारियों से मिली भगत कर कर रहे हैं। जिसकी वजह से आए दिन सेल्समैन और ग्राहक के बीच दुकानों पर झगड़े हो रहे हैं।

**जानकारी के बाद भी आबकारी अधिकारी नही कर रहे कार्रवाई**

गौरतलब है कि अंग्रेजी हो या फिर देसी शराब दुकान सभी दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक दर पर बेची जा रही है, साथ ही शराब की दुकानों पर रेट लिस्ट भी नहीं लगी है। वहीं शराब की मिल रही शिकायत के बावजूद पुलिस-प्रशासन व आबकारी विभाग कोई कार्रवाई करने को तैयार नहीं है। यह सब अबकारी विभाग के अधिकारियों की जानकारी में हो रहा है। इस कारण से वे शराब दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

### करते हैं मिलावट

दुकानों पर काम करने वाले सेल्समैन मिलावटी शराब बेचने में भी काफी माहिर हैं। देसी शराब के क्वार्टर व बोतल में यह लोग आसानी से उसका ढक्कन खोलकर पानी की मिलावट कर बचे रहे हैं। शराब पीने वाले लोग यह सब जानते हैं, लेकिन झगड़े के डर के कारण यह लोग ज्यादा कुछ बोल नहीं पाते और विरोध किए बिना ही शराब खरीदकर चलते जाते हैं।

### शिकायतों के बाद भी विभाग मौन

रोजाना दर्जनों शिकायतों के बावजूद आबकारी विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। लोगों का आरोप है कि जांच का नाटक किया जाता है, लेकिन सच्चाई बाहर नहीं आने दी जाती। नीचे से ऊपर तक कमीशन का खेल चलने की बातें भी कही जा रही है, जिसके चलते मामला दबा दिया जाता है। कई बार मदिरा प्रेमी बदनामी न हो, इसलिए खुलकर सामने नहीं आते। यही कारण है कि शिकायतें मौखिक रह जाती हैं और विभाग इन्हें गंभीरता से नहीं लेता। अधिकारी खुद मैनेजर और कर्मचारियों को बचाते नजर आते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि दुकान पर ओवर रेटिंग बंद हो। कोचियों के जरिए गांवों में सप्लाई पर रोक लगे और दोषी कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाए। साथ ही शराब की गुणवत्ता की जांच कर मिलावट पर सत कार्रवाई की जाए।




## पेसा अधिनियम लागू होने से जनजातीय समाज के अधिकारों में हुई बढोतरी

**पूर्व प्रधानमंत्री के जन्म शताब्दी समारोह में आयोजित होंगे किसान सम्मेलन**

# सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के लिये कृत संकल्पितः मुख्यमंत्री

**हरिभूमि, उमरिया।** प्रदेश सरकार पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह मना रही है, पूरे प्रदेश में खेती को लाभ का धंधा बनाने हेतु वर्ष भर का अभियान चलाया जाएगा। इन आयोजन के माध्यम से कृषि,उद्यानिकी, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने तथा खाद्य प्रसंस्करण के माध्यम से मूल्य संवर्धन का काम किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे तथा 12 से 14 अक्टूबर तक भोपाल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह उद्गार मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उमरिया जिले के मां बिरसिनी की पुण्य भूमि पाली में आयोजित पेसा महा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार जन जातीय समुदाय एवं गरीब वर्ग के लोगो के जीवन में खुशहाली लाने के लिये कृत संकल्पित है।



जन जातीय योद्धाओं जिन्होंने देश की स्वतंत्रता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके बलिदान को स्कूल एवं महाविद्यालयों के पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन के साथ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन जातीय समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा एवं टंट्या भील की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पचमढ़ी के राजा भभूत सिंह, रानी दुर्गावती सहित अन्य जन जातीय नायकों के बलिदान को याद किया तथा कहा कि इन नायको को याद करने हेतु प्रदेश सरकार गढमंडला, सिंग्रामपुर तथा पचमढ़ी में कैबिनेट का आयोजन कर जन जातीय संस्कृति को जन जन तक पहुंचाने का काम किया है । प्रदेश में पेसा एक्ट के माध्यम से 89 जन जातीय विकासखंडों के 5300 ग्राम पंचायतों में जन जातीय समाज की सहभागिता बढ़ी है।

### सरकार समाज की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल, जमीन, जानवर, पहाड़, नदियां, तालाब, खनिज, धार्मिक स्थलों, वनोपज संग्रहण तथा विपणन का अधिकार अब जनजातीय विकास खण्डों में स्थानीय ग्राम सभाओं के पास है। गांव में खनिज उत्खनन, शराब की दुकान खोलने की अनुमति देने, ग्राम विवाद निवारण समिति के माध्यम से आपसी झगड़ों के निराकरण के अधिकार भी ग्राम समिति को हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जन जातीय समाज की उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार ने जन जातीय समाज की महिला श्रीमती द्रोपदी मुर्मू को देश के राष्ट्रपति के पद से नवाजा है। इसी तरह प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल भी जन जातीय समूह से जुड़े हुए है। उन्होंने कहा कि जन जातीय समाज एवं गरीब परिवारों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार संदीपनी विद्यालयों,एकलव्य विद्यालय के माध्यम से जन जातीय समाज के बच्चो को पढाई की व्यवस्था,रोजगार की व्यवस्था भी कर रही है।

### किसानों को दिये जायेंगे सोलर पंप

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानो को पांच रूपये में बिजली के कनेक्शन दिए जायेगे । प्रदेश में वर्ष 2028 तक 32 लाख किसानों को केवल 10 प्रतिशत की राशि जमा करने पर किसानो को सोलर पंप दिए जायेंगे । किसान खेती की सिंचाई तथा घरेलू उपयोग के बाद बची हुई बिजली को सरकार को बेच सकेगे । वर्ष 2028 में सभी गरीब परिवारों को पक्के आवास दिए जाएंगे । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश के हर जिले को शव वाहन दिए जाएगे। अब मृतक को निःशुल्क शव वाहन के माध्यम से उनके घरों तक पहुंचाया जाएगा। गरीब आदमी के जीवन को बचाने के लिए प्रदेश सरकार ने एयर एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की हैं। कलेक्टर एवं डाक्टर की सहमति से किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए सरकार के खर्चे पर उन्हे अस्पताल पहुंचाने का काम किया जाएगा। सडक दुर्घटना में होने वाले घायलों को अस्पताल पहुंचाने पर संबंधित व्यक्ति को राहगीर योजना के तहत 25 हजार रूपये का पुरस्कार दिया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने आम के पौधे का किया रोपण



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जल की बूंद-बूंद सहेजने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान राज्य में जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुनर्भरण और संवर्धन की दिशा में एक व्यापक पहल है। इसका उद्देश्य केवल जलस्त्रोतों की सफाई नहीं, बल्कि वर्षा जल के संचयन, पारंपरिक जल संरचनाओं के पुनर्जीवन और जनभागीदारी को सुनिश्चित करना है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे जल संरक्षण को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उमरिया जिले में मां विरासिनी के पुण्य भूमि पाली स्थित सगरा तालाब में किए जा रहे जीर्णोध्दार कार्य का निरीक्षण करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए।

### उमरिया का होगा तेजी से विकास

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि बदलते समय मे देश मे बदलाव आया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब देश दुश्मनों की गोली का जवाब गोला से देगा। उन्होंने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों का जवाब भारतीय सेना ने बडी बहादुरी के साथ दिया है।अब भारत भी अमेरिका और इजरायल के बाद किसी भी देश में घुसकर नापाक गतिविधियों को जवाब देने वाला देश बन गया है। उन्होंने कहा कि हमसे जो टकरायेगा वह चूर-चूर हो जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि उमरिया जिला प्राकृति सौंदर्य एवं वन्य जीव की पहचान रखने वाला जिला है, जहां वन्य जीव एवं यहां के निवासी एक साथ आनंद का जीवन व्यतीत करते है। उमरिया जिले मे विकास के लिये संजय गांधी थर्मल पावर प्लांट को विस्तारित करते हुए बिजली के कारखाने लगाने तथा खनिज, उद्योग लगने से स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे तथा जिले का तेजी से विकास भी होगा ।

### सरकार कर रही जन जातीय समाज का उत्थान

शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने कहा कि पेसा अधिनियम के लागू होने से आदिवासी समाज मुख्य धारा से जुड़ गया है। केंद्र एवं राज्य सरकार लगातार जन जातीय समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास तथा मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के नेतृत्व में हो रहे प्रदेश के विकास की मुक्त कंठ से सराहना की। विधायक बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र शिवनारायण सिंह ने कहा कि प्रदेश के 89 विकासखंडो को छठवीं अनुसूचि में रखने से पंचायते सशक्त हुई है। जन जातीय समुदाय के निर्णयों में सहभागिता बढ़ी है। प्रदेश सरकार द्वारा स्व सहायता समूहो के माध्यम से महिलाओ को जोडकर लखपति दीदी बनाने का जो बीड़ा उठाया गया है। वह अत्यंत सराहनीय है। अब जन जातीय समाज सरकार के साथ मिलकर खुशहाली की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर पूर्व सांसद ज्ञान सिंह एवं आसुतोष अग्रवाल ने भी जन सभा को संबोधित किया।

### जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पाली स्थित सगरा तालाब पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब की सफाई, गहरीकरण एवं मेड़ बंधान जैसे कार्यों की सराहना करते हुए इसे जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रशासन व आमजन की सहभागिता की प्रशंसा की और कहा कि यह अभियान प्रदेश को जल संकट से उबारने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सगरा तालाब के मेड़ में आम के पौधे का रोपण किया तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया तथा लोगों को भी अपने घरों के सुअवसरों पर पौधारोपण करने की अपील भी की।

## संजय थर्मल पावर प्लांट में बिजली के कारखाने तथा माइनिंग उद्योग को दिया जाएगा बढ़ावा

# हर जिले को दिए जाएंगे शव वाहन

### मुख्यमंत्री का हैलीपैड पर किया गया आत्मीय स्वागत



**हरिभूमि न्यूज, शहडोल**
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गौरैया पंचायत अंतर्गत पाली प्रोजेक्ट में आयोजित होने वाले पेसा ग्राम पंचायतों, ग्राम सभाओं के प्रतिनिधियों के महासम्मेलन समारोह में शिरकत करने संजय गांधी विद्युत गृह हैलीपैड पहुंचने पर सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र श्रीमती हिमाद्री सिंह,पूर्व सांसद ज्ञान सिंह, विधायक विधानसभा क्षेत्र बांधवगढ शिव नारायण सिंह, कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक अनुराग शर्मा, डीआईजी सविता सुहाने, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, आशुतोष अग्रवाल, दिलीप पांडेय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर एवं जनजातीय बिझरिया लोक नृत्य समूह के कलाकारों द्वारा नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत एवं अभिवादन किया।

**हितग्राही मूलक योजनाओं का हितलाभ किया वितरण**



प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने गोरैया पाली प्रोजेक्ट में आयोजित राज्य स्तरीय पेसा महा सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की हितग्राही मूलक योजनाओं का हितलाभ हितग्राहियों को वितरित किया। इस अवसर पर महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत लाडली लक्ष्मी योजना की हितग्राही मानवी प्रजापति, रंजना केवट, सौम्या बर्मन को 1.43-1.43 लाख रूपये की राषि का लाभ, कृषि विभाग अंतर्गत निजी कस्टम हायरिंग सेंटर के हितग्राही मृगेंन्द्र त्रिपाठी ,षिव कुमार सिंह को ट्रेक्टर की चाभी, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री श्रमिक प्रसूति सेवा योजना की हितग्राही मोनिका प्रजापति, सियाबाई बैगा को 16-16 हजार रूपये का डमी चेक, जन जातीय कार्य विभाग अंतर्गत अर्जुन सिंह, जमुना सिंह, सुरेन्द्र सिंह, वीरन बैगा, सुखराम बैगा को वनाधिकार पत्र का वितरण, वन विभाग अंतर्गत नरबदिया बाई को तेंदुपत्ता संग्रहण की राषि का वितरण, नेमबाई पति राम को प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति सुंदरदादर को तेंदुपत्ता राषि का वितरण के साथ ही लक्ष्मी आजीविका स्व सहायता समूह, ओम आजीविका स्व सहायता समूह, सत्यम आजीविका स्व सहायता समूह, पूजा आजीविका स्व सहायता समूह, भारतीय आजीविका स्व सहायता समूह के साथ पूजा आजीविका स्व सहायता समूह को सीसीएल की राषि का वितरण किया गया ।

**गुदुम दल ने मुख्यमंत्री का किया स्वागत**



जिले मां विरासनी देवी की भूमि पर पाली में आयोजित राज्य स्तरीय पेशा महासम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन जातीय लोक संस्कृति के अनुरूप जनजातीय कलाकारों द्वारा गुदुम दल ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। जिसे उपस्थित जनसमूह व्दारा सराहा गया। मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने गुदुम दल के कलाकारों के प्रदर्शन की सराहना की तथा दल के सदस्यों को पांच पांच हजार रूपये देने की घोषणा की ।

**चार कार्यो का किया भूमिपूजन**

मुख्यमंत्री ने गोरैया पंचायत अंतर्गत पाली प्रोजेक्ट में आयोजित पेसा महा सम्मेलन कार्यक्रम में 14.71 करोड़ की लागत वाले चार कार्यो का भूमिपूजन किया, जिसमें मानपुर विधानसभा अंतर्गत नगर पालिका परिषद पाली में अमृत 2.0 अंतर्गत लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के तहत नालो का डायवर्सन एवं एस टी पी निर्माण कार्य लागत 7 करोड़ रूपये, नगर पालिका परिषद मानपुर में एसबीएम 2.0 योजना के तहत तरल अपशिष्ट प्रबंधन लागत 5.57 करोड़ रूपये तथा बांधवगढ़ विधानसभा अंतर्गत धनवार में जिला उमरिया ब्लाक करकेली में शासकीय मिडिल स्कूल भवन धनवार का निर्माण कार्य लागत 1.39 करोड़ तथा नगर पालिका परिषद मानपुर में मानपुर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 नवीन कार्यालय भवन निर्माण लागत 0.75 करोड़ के कार्य शामिल है।

**22 कार्यो का किया लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गोरैया पंचायत अंतर्गत पाली प्रोजेक्ट में आयोजित पेसा महा सम्मेलन कार्यक्रम में में 39.14 करोड़ की लागत वाले 22 कार्यो का लोकार्पण किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री जिन कार्यो का लोकार्पण किया उनमें ग्राम पौड़ी में 8.63 करोड़ की लागत वाले मानपुर अंतर्गत उमरिया जिले में पौंडी में पाली डिंडौरी मार्ग मे जोहिला नदी पर पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य , ग्राम भिम्माडोंगरी में 7.81 करोड़ की लागत वाले सोहागपुर मानपुर मार्ग से एन एच 78 मार्ग, 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नरवार 25 में 5.88 करोड़ वाले कौडिय़ा से नरवार 25 , 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चंसुरा में 3.7 करोड़ वाले जिला उमरिया ब्लाक मानपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मयजी टाईप, एच, टाईप क्वाटर्स भवन चंगेरा का निर्माण कार्य, 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जलधरा में 3.7 करोड़ वाले जिला उमरिया ब्लाक करकेली में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र , 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खेरवाखुर्द में 0.87 करोड़ रूपये की लागत वाली नल जल प्रदाय योजनाओं का लोकार्पण किया। मानपुर विधानसभा अंतर्गत ग्राम पटेहरा में 0.86 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम रोहनिया में 0.84 करोड़ वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम मझगवां में 0.79 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम मालाचुआ में 0.72 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम हथपुरा में 0.71 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम बस्कुटा में 0.67 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम बरहाई में 0.63 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम मझौली 0.62 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम माला में 0.61 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम कुदरीटोला में 0.52 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम घुंसु में 0.49 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, ग्राम गोबराताल में 0.48 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना तथा ग्राम कुरावर में 0.48 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना का लोकार्पण किया । बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम काशपानी में 0.48 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना, 90 मानपुर विधानसभा के ग्राम चाका में 0.47 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना तथा ग्राम गोरैया में 0.44 करोड़ रूपये वाली नल जल प्रदाय योजना का लोकार्पण किया।

**इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता, पुलिस महा निरीक्षक अनुराग शर्मा, पुलिस उप महा निरीक्षक सविता सुहाने, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, वनमंडलाधिकारी विवके सिंह, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष ओम नारायण सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष शंकुतला प्रधान, मनीष सिंह, दिलीप पांडेय, मिथिलेष पयासी, ज्ञानवती सिंह, विनय मिश्रा सहित गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि , प्रिंट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के पत्रकार , प्रशासनिक अमला तथा पेसा सम्मेलन में भाग लेने आए जनप्रतिनिधि तथा आम जनता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल ने व्यक्त किया।

**हितग्राही मूलक योजनाओं की लगाई गई प्रदर्शनी**



मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के मुख्य आथित्य में गोरैया पाली प्रोजेक्ट में आयोजित राज्य स्तरीय पेसा महा सम्मेलन कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओ की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसमे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल स्रोतों की सफाई, जल स्रोतों की सुरक्षा, नियमित पानी की जांच, गांव का पानी, गांव का धन, जल जीवन मिशन द्वारा करनपुरा , इंदवार, आकाशकोट जल प्रदाय योजना, स्वास्थ्य विभाग , आयुष विभाग द्वारा विभिन्न रोगों के उपचार हेतु दवाइयां, एन आर एल एम द्वारा कोदो, कुटकी, जैविक अलसी, केचुआ खाद, महुआ के लड्डू, जन जातीय कार्य विभाग द्वारा पीएम आवास, पी एम सडक योजनज आगनवाड़ी ,राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के साथ ही वन विभाग द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसका अवलोकन मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने किया तथा स्व सहायता समूह की बहनों से उनके उत्पाद तथा विपणन के संबंध में जानकारी प्राप्ती की। समूह की बहनों ने अपने उत्पाद मुख्यमंत्री को भेंट किए । इस अवसर पर जन जातीय समाज की प्रतीक बांस और खस से की बनी खोम्हरी पहनाकर स्वागत किया।

## खबर संक्षेप

### स्वरोजगार योजना से आत्मनिर्भर बनेंगे युवा

**कटनी।** अनुसूचित जनजाति वर्ग के व्यक्तियों को अपना नया व्यवसाय शुरू करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग द्वारा भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना शुरू की गई है। भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के वे युवा जो 18 से 45 वर्ष के हो, न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख रूपये से अधिक न हो, किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, वित्तीय संस्था, सहकारी बैंक का डिफॉल्टर न हो तथा केंद्र सरकार की किसी अन्य स्वरोजगार योजना का हितग्राही न हो, पात्र है। इस योजना के तहत विनिर्माण इकाइयों जैसे एग्रो प्रोसेसिंग, फूड प्रोसेसिंग, कोल्ड स्टोरेज, मिल्क प्रोसेसिंग आदि के लिए 1 लाख रूपये से लेकर 50 लाख रूपये तक का एवं सेवा और खुदरा व्यवसाय परियोजनाओं जैसे ब्यूटी पार्लर, वाहन मरम्मत, फुटवेयर, किराना व्यवसाय, कपड़ा व्यवसाय आदि के लिए 1 लाख रूपये से लेकर 25 लाख तक का ऋण दिया जाता है। साथ ही योजनांतर्गत हितग्राही को 5 प्रतिशत प्रतिवर्ष या वास्तविक दर पर अधिकतम 7 वर्ष तक ब्याज अनुदान दिया जाएगा। ऋण की गारंटी फीस का भुगतान राज्य शासन द्वारा किया जाएगा। इच्छुक युवा मूल निवासी प्रमाण पत्र, 8वीं की मार्कशीट, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक की छायाप्रति, आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो आदि के साथ के ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई है। हादसा ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कछारगांव में हुआ। जानकारी के अनुसार आशीष पिता शारदा प्रसाद लोधी 35 निवासी पानउमरिया की एक्सीडेंट में मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### फांसी के फंदे में झूल युवक ने की खुदकुशी

**कटनी।** एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की ली। घटना माधवनगर थाना क्षेत्र की है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम इमलिया में राजा बर्मन पिता स्व काशीराम बर्मन 32 निवासी नयागांव इमलिया थाना माधवनगर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### युवक के साथ मारपीट पर मामला दर्ज

**कटनी।** किसी बात को लेकर दो युवकों के बीच मारपीट हो गई। मामला स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत भगनवारा गांव का है। पुलिस ने शिकायत पर मामला कायम करते हुए मामले की जांच शुरू दी है। जानकारी के अनुसार जग्गू कोल निवासी बड़खेरा-भरदा थाना स्लीमनाबाद की शिकायत पर आकाश कोल निवासी ग्राम भगनवारा पर मामला दर्ज किया गया है।

---

हाइवा सटाकर निकला जिससे दर्दनाक हादसा हुआ

# युवती का दायां हाथ कट कर अलग हुआ



ब्यौहारी

तुलसीदास उपाध्याय के परिवार (पत्नी मनीषा उपाध्याय, शिवानी उपाध्याय उम्र 22 वर्ष, शिवम उपाध्याय उम्र 16 वर्ष, ऋद्धी उपाध्याय 5 वर्ष ) को मनीन्दगढ़ स्टेशन से पक्षीराज बस द्वारा सीधी (मप्र) रवाना किया। ग्राम पटपरा, जिला सीधी (मप्र) में तुलसीदास उपाध्याय की ससुराल है। तेज गति से बस क्रमांक MP18P1557 ब्यौहारी क्षेत्र के गूरा घाटी हनुमान मंदिर से पास घाटी में चढ़ने के बाद, लगभग 01:00 बजे दोपहर पहुंचने पर सामने से तेज गति से आ रहा हाइवा ट्रक क्रमांक MP 18H5046 आ गया और सटाकर निकले जिससे शिवानी उपाध्याय का दायां हाथ कट कर अलग हो गया। जिसका



ब्यौहारी सामुदायिक अस्पताल में प्रारंभिक इलाज चल रहा है। दायां हाथ कट गया है एवं ऋद्धी उपाध्याय के माथे पर चोट की सूजन कटे होना दिखाई दे रहा था। तुलसीदास उपाध्याय मूलतः बघऊ ( चोरहट , जिला - सीधी) के निवासी हैं। डी यस बी शहडोल के सूचना पर थाना ब्यौहारी से प्रधान आरक्षक सुखेन्द्र त्रिपाठी सभी घायलों को प्रायवेट वाहन से सामुदायिक अस्पताल ब्यौहारी इलाज हेतु शीघ्र पहुचाया। सामुदायिक अस्पताल



ब्यौहारी में डॉ राघवेन्द्र सिंह एवं डॉ रामकृष्ण पाण्डेय ने त्वरित आवश्यक ईलाज कर कटे हुए हाथ को आइस बाक्स में सुरक्षित कर एम्बुलेंस से 02:28 बजे रीवा भेजा गया। शिवानी उपाध्याय एवं ऋद्धी उपाध्याय का इलाज करने वाले सहयोगी स्टाफ स्टाफ नर्स देवकी, स्टाफ नर्स नीता श्रीवास्तव, सुभद्रा कुशवाहा, वार्ड ब्वाय सुमन्त, स्टाफ सर्वेश विश्वकर्मा, संदीप एवं नीलम रहे। डॉ राघवेन्द्र सिंह एवं डॉ रामकृष्ण पाण्डेय एवं सहयोगी




स्टाफ द्वारा आवश्यक ईलाज कर कटे हुए हाथ को आइस बाक्स में सुरक्षित कर पूरा प्रयास रहा है कि हायर हास्पिटल में हाथ पुनः आपरेशन से जुड़ जाये । डॉक्टर राघवेन्द्र सिंह संजय गांधी चिकित्सा महाविद्यालय रीवा के न्यूरो एवं आर्थो सर्जन से लगातार मार्गदर्शन पर रीवा रवाना किया। शीघ्र ही संजय गांधी चिकित्सा महाविद्यालय में पहुंचने वाले हैं। समाजसेवी जनों से निवेदन है कि यथा संभव मदद करें।

---

## मुख्यमंत्री इस बार ब्यौहारी को क्या देंगे -9 जून के दौरे से व्यवहारी क्षेत्रवासियों में बढ़ी उत्सुकता

### ब्यौहारी को जिला बनाने की लोगों ने उठाई मांग

**ब्यौहारी-** 9 जून को आदिवासी दिवस बिरसा मुंडा जयंती पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का ब्यौहारी में कार्यक्रम प्रस्तावित है जिसकी तैयारियां जोरों पर है सिविल अस्पताल के पीछे मैदान में बरसात के मौसम को देखते हुए डोम लगाया जा रहा है स्वयं विधायक , अफसरों के साथ तैयारी का निरीक्षण कर चुके हैं। क्षेत्र के लोगों में बड़ा सवाल क्या बड़ी कोई घोषणा करेंगे प्रमुख मुद्दे।



ब्यौहारी- को जिला बनाना, नगर पालिका का ही गजट नोटिफिकेशन अधूरा। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ब्यौहारी- को नगर पालिका का दर्जा दिया था इसके साथ ही प्रदेश में कई अन्य जिलों में भी नगर परिषदों को उन्नयन कर नगर पालिका बनाया गया था उन जगहों का गजट नोटिफिकेशन हो गया और अब वह नगर पालिका घोषित हो गई लेकिन ऐसा क्या हो गया की ब्यौहारी- नगर पालिका कैबिनेट से पारित होने के बाद भी गजट नोटिफिकेशन से वंचित हो गई क्या मुख्यमंत्री घोषणा को पूरी करेंगे व्यवहारी को स्मार्ट सिटी बनाने की भी घोषणा की गई थी वह भी घोषणा अधूरी है सड़कों का कुछ काम पूरा हुआ पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी लोगों को आश्वासन दिया था कि वाटर सप्लाई पाइप बिछाए जाने के कारण जो सड़के खराब हो गई है उनको बनवा दिया जाएगा कुछ सड़के तो बन गई है लेकिन जैसे सरस्वती मोहल्ला बिछिया टोला जहांकी सड़कों की हालत गांव से भी बदतर है । सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं- व्यवहारी सिविल अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं है जिसके कारण यहां के मरीजों को रीवा और शहडोल का सफर करना पड़ता है इसके अलावा व्यवहारी से 50 किलोमीटर दूर तक के लोग व्यवहारी इलाज करने आते हैं और जब यही डॉक्टर नहीं है तो उनको और दूर जाकर रीवा शहडोल में इलाज करना पड़ता है क्षेत्र के लोगों की अपेक्षा है कि व्यवहारी में विशेषज्ञ डॉक्टर की तैनाती अवश्य होनी चाहिए , एमएससी की कक्षाएं कब शुरू होगी-व्यवहारी क्षेत्र का इकलौता अग्रणी महाविद्यालय पंडित रामकिशोर शुक्ला जिले का ऐसा महाविद्यालय है जहां एमएससी की कक्षाएं नहीं इसके अलावा शहडोल जिले की अन्य जो महाविद्यालय हैं वहां पर एमएससी की कक्षाएं संचालित हो रही जैसे जयसिंहनगर बुढार जैतपुर बड़ा सवाल उठता है कि क्या व्यवहारी ही सबसे पिछड़ा है जहां अभी तक एमएससी की कक्षाएं शुरू नहीं हुई 2018 में ही इसकी घोषणा हो चुकी है। आज 7 साल बाद एमएससी की कक्षाएं संचालित नहीं एमएससी की पढ़ाई करने के लिए रीवा और शहडोल यहां के छात्रों को जाना पड़ता है यह सब ऐसी मांगे हैं जिनको इसी सत्र से प्रारंभ करने की आवश्यकता है इसके अलावा ब्यौहारी- स्टेडियम का नामकरण की घोषणा कई बार की गई लेकिन आज तक स्टेडियम में शाहिद के नाम की पट्टी नहीं लगी आखिर कब लगेगी जबकि पिछली बार मुख्यमंत्री ने मंच से ही घोषणा की थी कि यह घोषणाएं तत्काल पूरी कर दी जाएगी इसके अलावा बाणसागर कॉलेज का नाम गोविंद मिश्र स्मृति कॉलेज कराने की भी घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा मंच से ही की गई थी वह भी आज तक पूरी नहीं हुई।

---

## आदिवासी पनिका विकास संगठन ने किया शिक्षा एवं कला का सम्मान

ब्यौहारी

शहडोल जिले के अंतर्गत जयसिंहनगर में पानी का समाज द्वारा शिक्षा एवं कला सम्मान समारोह का आयोजन किया थाना क्षेत्र संभाग रीवा पंजीयन संख्या 2424 के तहत जिला शहडोल अंतर्गत जयसिंहनगर के आरटी गार्डन/कृष्णा पैलेस में प्रखर प्रतिभा शिक्षा एवं कला सम्मान समारोह का कार्यक्रम भव्य रूप से संपन्न हुआ हजारों के तदात में पनिका समाज के लोग एकत्रित हुए रविवार को बड़े उत्साह एकता के साथ आदिवासी पनिका समाज विकास संगठन रीवा शहडोल संभाग के बैनर तले जयसिंहनगर के आर टी गार्डन कृष्णा पैलेस में पनिका समाज का भव्य सम्मेलन हुआ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2024-25 हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी एवम केंद्रीय विद्यालय के टॉप थ्री सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले छात्र/छात्रा को स्वजाति पुरस्कार प्रशस्ति प्रमाण पत्र मेडल पुष्पमाला के साथ सम्मानित किया गया सम्मान उपरांत शहडोल जिले की कार्यकारिणी का गठन/विस्तार सामाजिक संगठन संविधान के नियमानुसार किया गया जिला शहडोल अंतर्गत ब्लॉक ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, सोहागपुर,बुढार और जैतपुर के लिए सक्रिय समाज चिंतकों को नवीन दायित्व प्रदाय किया गया संभागीय अध्यक्ष लालता राम सोनवानी जी एवम जिला अध्यक्ष बीडी मौर्य जी द्वारा समिति का समिति के सहमति से गठन/विस्तार किया गया हैसमस्त उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर डॉ.भीमराव अंबेडकर,युवा प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद,शहीद दयालदास पनिका जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया तत्पश्चात रिया एवम माधुरी पनिका द्वारा स्वागत गीत बाल स्वागत नन्हीं बेटी जया मौर्य ने कार्यक्रम को आकर्षक मनमोहक बनाया गया स्वर संगम एवं संगीत हेतु साउंड सर्विस चंद्रिका पनिका जी का सहयोग,ढोलक में धनपत उर्फ़ दद्दू पनिका, हारमोनियम में नरेश पनिका और झांझ में



नारायण पनिका जी का साथ मिला कार्यक्रम अन्तर्गत बीस प्रतिभावान विद्यार्थियों को एवम 3 कलाकारों को समाज द्वारा मेडल,प्रशस्ति पत्र एवं नकद धनराशि देकर सम्मानित किया गया। जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त विद्यार्थी आकांक्षा मौर्य दसवीं 93%,कु.सानिया पनिका बारहवीं 88%,कु.प्रभा पनिका दसवीं 86% को फलदार आम के पौधे भी दिए गए। नवचयनित जिलाध्यक्ष श्री बी डी मौर्य प्रभारी प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल दादर (जयसिंहनगर) को उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एवं जिलाध्यक्ष की बधाई स्वरूप एक फलदार आम का पौधा दिया गया, साथ ही कार्यक्रम के कुशल और सफ़ल संचालक रामसुनील पनिका निज निवास कल्लेह को फलदार आम का पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप मंच में ओमदास टांडिया सेवानिवृत डीएस पी, लालता राम सोनवानी सेवानिवृत आर टी ओ, अधिकारी एवं संगठन संभागीय अध्यक्ष,के डी सोनवानी सेवानिवृत स्वास्थ्य विभाग एवं संभागीय सचिव,एस आर पुरी सेवानिवृत पोस्टमास्टर एवं संभागीय कोषाध्यक्ष,भारत पनिका जी सेवानिवृत शिक्षक,हनुमान दीन पनिका जी सेवानिवृत्ति डिप्टी सुभाष करायत कोलमाइंस कर्मचारी,मनोज पड़वार जिला एंडी पीओ ,के.एल.दीवान बी एम ओ, जयसिंहनगर,आर एस टांडिया,मुन्नालाल पनिका,फूलबाई मौर्य स्वास्थ्य विभाग, रानी पनिका लोकगायिका ,सुशीला पनाडिया शिक्षक,गौरी पनिका, शशि पनिका भगवानदीन दरकेश रामनरेश पनिका शिक्षक रामबाबू गोयल जी सहित अन्य विशिष्ठ अतिथियों का उपस्थिति सराहनीय एवं स्वागत रहा है सभी अतिथियों ने समाज को संबोधित करते हुए अपने अपने विचार अनुसार शिक्षा के प्रति जागरुकता, समाज में एकता और आदिवासी संस्कृति के अनुरूप सामाजिक आयोजन हेतु मार्गदर्शन किया गया ओमदास टांडिया सेवानिवृत DSP सर ने अपने गाने में शिक्षा जागृति और विकास की धारा हेतु आव्हान किया वहीं बहन शिक्षिका सुशीला पनाडिया द्वारा शिक्षा प्रसार हेतु जागरुकता युक्त विचार प्रस्तुत किए युवा कलाकार किशन पनिका द्वारा ₹मेरा भीम नंबर वन है₹ के गाने पर उत्कृष्ट डांस प्रस्तुत किया गया, हास्य कलाकार सुनील पनिका ने जलवा जलवा गाने पर देश प्रेम की झलक डांस एवं अभिनय के साथ आकर्षक प्रस्तुति किए नन्ही बेटी जया मौर्य, किशन और सुनील पनिका तीनों कलाकारों के प्रस्तुति के लिए समाज द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलास्तरीय सम्मेलन में मातृशक्ति, युवाशक्ति छात्र छात्रा सहित वरिष्ठ जनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रहा है विशेषरूप से जयसिंहनगर में महिलाओं की उपस्थिति अब तक के सम्मेलनों से कहीं ज्यादा देखी गई। कार्यक्रम को सफ़ल बनाने के लिए एवं आयोजन की भागीदारी में सबका साथ और सबका सहयोग सराहनीय था विशेषतः श्री रामनाथ मोगरे, रामप्रसाद पनिका, हीरालाल मोगरे, राजू पनिका, भईयालाल पनिका, जागेश्वर संत, राजकुमार सोनवानी, तोलमन धारवैया, जे पी सोनवानी,रामबाबू,शोभन प्रसाद पनिका, राधेलाल पनिका, रामबाबू, भगवानदीन दर्केश, राजू पनिका, रामनरेश परेवा, दिनेश टांडिया, सुखीलाल, विजय, अशोक, सुखराम, मनोज, संतलाल, बाल्मिक, भगवानदीन, बृजेन्द्र, रामसेवक, धनुषधारी, डॉ.संतोष, राजा, रामकृपाल सोनवानी, रामकृष्ण, नर्मदा, संजय, सुनील,किशन, रामलाल, रामकेश, सदन, सालिगराम, ऋषि,राजेश, रोहणी, धनशाह, बबलु,धनीराम, अधिवक्ता रमाकांत, रामसखा,मुकेश, प्रभात, महेश, छोटेलाल, रामकरण, जमुनप्रसाद, के पी संत, दारा सिंह, सुशीला पनाडिया, विमला, सुधारानी, रामवती, मधु पनिका,भारती पनिका लालमन पनिका, हीरा पनिका, विनोद पनिका,जवाहर पनिका महेश टाडिया, लवकेश नीलेश पनिका सोनेलाल पनिका, राजू राजेश पनिका,सहित हजारों के तादात में पनिका समाज के लोग एकत्रित हुए थे समाज ने यह माना है कि शिक्षा सर्पोपरी है नशा से मुक्त हो कर कार्य करने कि जरूरत है जल बचाव एवम पर्यावरण के तरफ विशेष ध्यान देने कि आवश्यकता है जो यह कार्य पनिका समाज के द्वारा निरंतर किया भी जा रहा है।

---

## नवाचारः बारिश की बूंदों को सहेजने कुओं की सफाई, भू जल स्तर बढ़ाने के अभिनव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रहा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम कटनी की महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में एक अभिनव नवाचार किया जाकर लगभग 33 लाख 97 हजार रुपये की लागत से जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य कराये जा रहे है। नगर निगम के माध्यम से कराये जा रहे इस महत्वपूर्ण नवाचार के फलस्वरूप आगामी वर्षा ऋतु के दौरान व्यर्थ बह जाने वाले वर्षा जल को संग्रहित किया जा सकेगा जिससे भू-जल स्तर में सुधार होने के साथ-साथ आगामी ग्रीष्म ऋतु में नगर की जल आपूर्ति और भी बेहतर तरीके से की जा सकेगी।

### नागरिकों का सहयोग जरूरी :महापौर

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी द्वारा नागरिकों से उनके आस पास के जल स्त्रोतों एवं जल संरचनाओं को साफ एवं स्वच्छ रखने में अपना योगदान देने की अपील की जाकर कहा गया है कि प्रत्येक नागरिक अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था जरूर करें, जल संकट के समय यही जल स्त्रोत हमारे लिए उपयोगी होते है इनका संरक्षण, संवर्धन करना हम सभी की जवाबदारी है इसमें अपना योगदान अवश्य करें। जल संरक्षण एवं संवर्धन हेतु नगर के जल स्त्रोतों की सफाई का नियम प्रशासन का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## 100 से अधिक स्थलों में होगा वाटर रिचार्ज पिट का निर्माण

प्रायः ही देखने में आया है कि वर्षाकाल में हैंडपंप एवं ट्यूबवेल के पास पानी भरने के दौरान अधिकांश पानी व्यर्थ बह जाता है। इन जल स्त्रोतों के माध्यम से व्यर्थ बहने वाले पानी को सहेजकर जल संवर्धन करने हेतु निगम प्रशासन द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत रिचार्ज पिट निर्माण की एक और अभिनव पहल की गई है। उपयंत्री श्री मृदुल श्रीवास्तव ने बताया कि वर्षा जल को ट्यूबवेल एवं हैंडपंपों के पास वाटर रिचार्ज पिट के माध्यम से हुए संग्रहित कर भूजल स्तर में सुधार करने के उद्देश्य से 13 लाख 40 हजार रुपये की लागत से नगर के लगभग 100 हैंडपंप एवं ट्यूबवेल के आसपास वाटर हार्वेस्टिंग हेतु रिचार्ज पिट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जिसके तहत 24 स्थलों पर वाटर रिचार्ज पिट का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। वाटर रिचार्ज पिट का यह कार्य पूर्ण हो जाने से निकट भविष्य में भू-जल स्तर में काफी हद तक सुधार हो सकेगा।

---

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब से खेतों तक पहुंचेगा पानी

# गांवों में बनाए जा रहे खेत तालाब, अमृत सरोवर व रिचार्ज पिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में मनरेगा योजनांतर्गत बन रहे खेत तालाब, अमृत सरोवर और रिचार्ज पिटों से खेतों को फसलों की आवश्यकता के समय पर्याप्त पानी उपलब्ध रहेगा। इससे किसान आर्थिक समृद्धि की नई इबारत लिख सकेंगे। कुंओं को रिचार्च करने के लिए कूप रिचार्ज पिट बनाये जा रहे हैं, ताकि कुंओं का जल स्तर बना रहे और गर्मियों में भी पानी की उपलब्धता रहे।

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के सभी 6 जनपद पंचायतों में 18 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य है। जिसमें से 9 अमृत सरोवर पर काम प्रगतिरत है। इसी प्रकार सभी 6 जनपद पंचायतों में 1423 खेत



तालाब बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन कलेक्टर श्री यादव के निर्देश पर जिले में लक्ष्य से अधिक 1989 खेत तालाब स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें से 1514 खेत तालाब प्रगतिरत है। इसी प्रकार मनरेगा योजना की कपिलधारा रिचार्ज पिट के तहत 1500 कुंओं को बारिश के पानी से रिचार्ज करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के लिए 1794 कपिलधारा रिचार्ज पिट स्वीकृत किये गए हैं। इनमें से 1447 कुंओं के रिचार्ज पिट बनाए जाने का काम प्रगतिरत है।

जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने बताया कि जिले के लिए निर्धारित जलदूत के लिए 2600 के लक्ष्य के विरूद्ध माय भारत पोर्टल पर 3094 जलदूतों का पंजीयन किया जा चुका है।

किसान अपने खेतों में खेत तालाब बनवाने के लिए स्वयं रूचि



ले रहे हैं। और आगे बढ़कर सहभागिता कर रहे हैं। ताकि खेत तालाब में वर्षा जल संचित हो सके और भू-जल स्तर में बढ़ोतरी हो। और किसानों को फसल उत्पादन में लाभ मिले। जिले के जनपद पंचायत बड़वारा में 256 खेत तालाब प्रगतिरत है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में 328, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 309, जनपद पंचायत कटनी में 139, जनपद पंचायत रीठी में 253 एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 229 खेत तालाब प्रगतिरत है।

जनपद पंचायत बड़वारा में 313 रिचार्ज पिट प्रगतिरत है। इसी प्रकार जनपद पंचायत बहोरीबंद में 253, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 59, जनपद पंचायत कटनी में 197, जनपद पंचायत रीठी में 277 एवं जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 348 रिचार्ज पिट प्रगतिरत है।

---

## मीडिया कर्मियों से अभद्रता करने वाले पुलिस कर्मियों पर हो कार्रवाई

**कटनी।** महिला थाना में 31 मई को पुलिस द्वारा पत्रकारों एवं बच्चों महिलाओं के साथ किये अत्याचार के संबंध में कांग्रेस जिला अध्यक्ष करण सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिख कर पुलिस अधिकारियों को निलंबित करने की मांग की है। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा है आपको उपरोक्त जानकारी देते हुए दुख हो रहा है कि कोतवाली कटनी में स्थित महिला थाना में 31 मई 2025 को रात्रि में समाचार कवरेज करने पहुंचे पत्रकार साथियों पर पुलिस अधिकारियों द्वारा बदतमीजी करते हुए धक्का मुक्की किए जाने का वीडियो आया है जिसे आपके संज्ञान हेतु भेजा जा रहा है।

महिला थाने में महिलाओं एवं बच्चे ने कटनी पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाते वीडियो देखा जो की आपके राज में कानून व्यवस्था की स्थिति बखान कर रहा है बहुत ही शर्मनाक घटना है जो कटनी पुलिसिया अत्याचार का जीता जाता उदाहरण है। हमारा आपसे आग्रह है कि आप मुख्यमंत्री के साथ गृहमंत्री भी है जिस भी अधिकारी और सहायक अधिकारियों ने पत्रकारों के साथ धक्का मुक्की कर दुर्व्यवहार किया है उन्हे तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए पत्र की एक प्रतिलिपि पुलिस महानिदेशक मध्य प्रदेश को भी प्रेषित की गई है।

## बस स्टैण्ड से बाइक चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बस स्टैण्ड क्षेत्र से कुछ ही मिनटों के अंदर बदमाश ने बाइक चोरी कर ली। वाहन मालिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। बस स्टैण्ड चौकी पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में पतासाजी शुरू की और 24 घंटे के अंदर ही चोरी गई बाइक को बरामद कर लिया। बाइक चोरी करने वाले बदमाश को भी गिरफ्तार किया गया। बस स्टैण्ड चौकी प्रभारी एसआई योगेश मिश्रा ने बताया कि इन्द्र कुमार यादव पिता गोविन्द यादव 30 वर्ष निवासी मूडपार थाना रीठी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 31/5/25 को काम से अपने छोटे भाई सुग्रीव यादव की हीरो कम्पनी की डीलक्स मोटरसाईकिल क्रमांक MP21 MG 2704 को लेकर कटनी आया था। बस स्टैण्ड के समीप पेट्रोल पम्प के पास मो.सा. खडी कर सामान कन्हवारा भेजने रोड के किनारे खड़ी बस के पास चला गया जब बस में सामान वापस रखवाकर वापस आया देखा तो जहां मो. सा. खडी किया था वहां नहीं खडी थी। मैनें मो.सा. को आसपास देखा जो नहीं मिलने पर छोटे भाई सुग्रीव यादव को फोन से बताकर वापस घर चला गया। अगले दिन दिनांक 01/06/25 को थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट किया जिस पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 483/25 धारा 303 (2) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

## खबर संक्षेप

### 45 किलो गांजा के साथ खोडरी का गांजा तस्कर गिरफ्तार



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** अवैध गांजा पकडने मे पुलिस को एक सफलता फिर मिली है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान द्वारा पूरे जिले में अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही का अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर व एसडीओपी कोतमा के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ला को जरिए मुखबिर सूचना मिली कि रामपाल पाण्डेय पिता रामसिया पाण्डेय निवासी ग्राम खोडरी नंबर 1 का अपने घर में 40 से 50 किलो गांजा विक्रय करने हेतु रखा है, जिस पर थाना प्रभारी द्वारा टीम बनाकर रामपाल पांडे पिता राम सिया पांडे निवासी ग्राम खोडरी के घर में दबिश दी गई आरोपी के घर से 45 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती 4,54000 रुपए बरामद हुआ, जिसे जप्त कर आरोपी से पूछताछ की गई आरोपी द्वारा बताया गया कि यह गांजा मुझे भोले उर्फ ज्ञानेश्वर पांडे निवासी ग्राम बिछिया टोला थाना केल्हारी (छ. ग.) के द्वारा मेरे कहने पर मुझे विक्रय करने हेतु दिया है, आरोपी रामपाल पाण्डेय के विरुद्ध 8/20 बी एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण तैयार कर गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है, दूसरे आरोपी की पता तलाश जारी है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बर शुक्ल, asi सुरेश कुमार अहिरवार, प्रधान आरक्षक दिनेश राठौर, विवेक त्रिपाठी, आरक्षक संजय द्विवेदी, अभय त्रिपाठी, चालक आरक्षक अनिल मरावी साइबर सेल से आरक्षक पंकज मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तेज रफ्तार पिकअप ने दो को किया गंभीर रूप से घायल



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** थाना अंतर्गत हाईवे रोड में हादसे थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। मंगलवार की रात को केशवाही चौराहा हाईवे में फिर तेज रफ्तार पिकअप ने दो पहिया वाहन को कुचलते हुए दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में भर्ती करते हुए उपचार कराया गया। घटना के बारे में बताया जाता है कि राजू अगरिया 45 पिता मोहन एवं देवानंद अगरिया 32 वर्ष पिता मायाराम अपनी दो पहिया गाड़ी साइन से टिहाई टोला जा रहे थे रात 10बजे के लगभग अंबिकापुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार के द्वारा ठोकर मारकर घायल कर दिया। दुर्घटना से गाड़ी में सवार दोनों लोग उछलकर दूर फेंका गए। दोनों घायलों के सर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आई है। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

# पर्यावरण प्रदूषण के हम और आप ही हैं जिम्मेदार

विश्व पर्यावरण दिवस हर साल 5 जून को मनाया जाता है। विश्व और देश में बढ़ रहे प्रदूषण के बीच पर्यावरण दिवस का महत्व ओर भी बढ़ गया है, लेकिन इस दिवस की महत्ता तभी है जब हम पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए गंभीरता से प्रयास करें। आज सिर्फ भारत नहीं पूरे विश्व में पर्यावरण प्रदूषण बड़ी समस्या बन चुकी है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण, कूड़ा प्रदूषण सहित विभिन्न प्रकार के प्रदूषण ने कई भयानक बीमारियों को जन्म दिया है। लगातार गंभीर हो रहे पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिये सामूहिक प्रयासों की जरूरत है।




## अधाधुंध वन कटाई, कांक्रीटीकरण के कारण लुप्त हो रही नदियां

मनोज शुक्ला, ब्यूरो चीफ

**अनूपपुर।** वर्तमान भौतिकवादी युग मे विकास का दौड़ जारी है जहां विकास के कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। समाज का हर वर्ग अपने लिए अच्छी साधन सुविधा की कामना लिये रोजी रोजगार, नौकरी और धनार्जन के लिए उपक्रमो मे लगा हुआ है। शासन और सरकारें भी अपने ढंग से बेहतर जीवन और जन कल्याण के लिए प्रयासरत है। हमारा देश बहुभाषी बहुसंस्कृतियों का देश है जहां विविधता मे एकता दिखाई देती है। इस देश मे संस्कृति ने तीन ऋतुएं दी हैं तथा सघन वन संपदा जैव विविधता सदानीरा सरिता प्रदान की है। इन नदियों के तट पर ही किसी समय बड़े-बड़े नगर बसाये जाते थे क्योकि नदी जीवनोपयोगी जल परिवहन का साधन और खेती किसानी आजीविका का आधार रही है, लेकिन आज कल स्मार्ट सिटी की संकल्पना से बड़े-बड़े उद्योग कारखानो ने पश्चिमी अंधानुकरण के चलते हमारे ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर दिया है। देश मे कई प्रांत हैं, इनमे मध्य प्रदेश को भारत का हृदय स्थल कहा जाता है। यह प्रदेश वन संपदा एवं प्राकृतिक संसाधनो से संपन्न राज्य माना जाता था जहां सदानीरा सरिताएं कल-कल ध्वनि से प्रवाहमान थी। इसी प्रदेश मे तत्कालीन राज रजवाड़ो का रीवा राज्य अर्थात विंध्य प्रदेश जिसमे प्रमुख से चार जिले हुआ करते थे जो वर्तमान मे सात जिलो मे तब्दील हो गया है। इसी मे एक शहडोल जिला था जो आज विभाजित होकर उमरिया, अनूपपुर के साथ अपने को इतिहास का साक्षी मानकर जिला शहडोल अब संभाग मुख्यालय मे बदल गया है। इसी क्षेत्र मे ज्वालेश्वरी एवं सोनभद्र जैसी सरिताएं भी निकलती हैं।

यहां एक बात और जो गौर करने वाली है कि पहले यहां मुआ घास हुआ करती थी जो पानी होने का सूचक थी, लेकिन बदलते समय के साथ यह घास भी अब लुप्त हो गई जिसे देखकर यह पता लगाया जा सके कि उक्त जगह पर पानी है या नही। नर्मदा उद्गम स्थल के आसपास चारो दिशाओं मे तालाब हुआ करते थे। सूरजकुण्ड, इंद्रदमन तालाब, श्रीयंत्र मंदिर के पास संभवतः इसी तालाब से सावित्री नदी का उद्गम हुआ था। मार्कण्डेय आश्रम का तालाब लगभग अब पूरी तरह कांक्रीटीकरण के कारण जल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे खिसकता जा रहा है, इससे भी मां नर्मदा के उद्गम स्थल का स्त्रोत प्रभावित हो रही है। इसी प्रकार होटल हॉलीडे होम के पीछे एक प्राकृतिक जल स्त्रोत था जिसमे 12 महीने पानी का स्त्रोत बना रहता था, लेकिन अब विगत तीस वर्षो से वह स्त्रोत पूरी तरह विलुप्त हो चुका है। बीते लगभग तीस वर्षो मे अब अमरकंटक मे पानी का स्त्रोत पूरी तरह से धीरे धीरे क्षीण होता गया जिस कारण आज यह स्थिति हो गई है कि कई प्रदेशों को अपने पानी से सिंचित करने वाली मां नर्मदा नदी खुद प्यासी है।

### नर्मदा की उद्गम स्थली के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह

वर्तमान समय मे नर्मदा का उद्गम राजनीतिक गलियारो मे कई चर्चित राजनीतिक यात्राओं के शुभारंभ और विराम कार्यक्रम जनता के मध्य प्रचारित हुआ। धर्म की नगरी पुरातन वैदिक पौराणिक मान्यताएं राजनीति के शोरगुल मे कहीं गुम होने को है। पर्यावरण की दृष्टि से यदि शहडोल संभाग को पुराने जिले के रूप मे देखें तो महानदी चंदिया से लेकर बिजुरी राजनगर कोयला प्रक्षेत्र और देवलौंद (बाणसागर) से अमरकंटक नर्मदांचल का क्षेत्र प्रचुर मात्रा मे वनाच्छादित इलाका था जहां इसके आंचल से प्रवाहित छोटी बड़ी सभी नदियां सदानीरा रही हैं। नदियों के किनारे बसे गांव, टोले, मजरे के अलावा नगरीय इलाका भी इन्ही से पानी एवं पोषक प्राप्त करता था क्योंकि सिंचाई के लिए वही नदियां उपयोगी रही आजकल तो स्टाप डैमो के माध्यम से इन नदियों की धारा को विराम लगने लगा है जिसका दुष्परिणाम ये हुआ कि छोटी नदियां नाले मरने लगे। नदियों के अस्तित्व का आधार पोड़ पौधे होते हैं। उद्योग, कारखाने, कॉलोनियों, दफ्तरो और भवन परियोजनाओं के लिए पेड़-पौधे काटे गये जिसके कारण जल स्त्रोत भी संकटापन्न हो गये और जैव विविधता भी खतरे मे पड़ गई। सन 1998 मे अमरकंटक क्षेत्र मे साल वन मे एक महामारी साल बोरर कीट के रूप मे आई



### जल, जंगल, जमीन के लिए ठोस कानून की आवश्यकता

थी जिससे इसके आसपास समूचे क्षेत्र मे प्रचंड महामारी फैली और सरई के पेड़ सूखने लगे इनके एक विशेष प्रजाति का कीड़ा जिसे साल बोरर कहते थे लग गया और पेड़ो की कटाई मजबूरी हो गई। कहीं धुआं, कहीं केमिकल का छिड़काव का चक्र 4 माह तक चला जिससे जंगल वीरान हो गये, लेकिन कालांतर मे धीरे-धीरे रौनक आ गई। जहां तक जिले मे पर्यावरणीय मानको का सवाल है अमरकंटक इलाके मे बाक्साइड खनन और स्मार्ट सिटी जैसी संकल्पना और अंधाधुंध आश्रम, बंगले, मंदिर और संस्थानो का निर्माण सौंदर्य भले ही प्रदान करता हो, परंतु यह नर्मदा की उद्गम स्थली के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह है।

जहां तक पर्यावरणीय मानको का सवाल है उनका खुला उल्लंघन हुआ है। वनों का रकवा घटा है क्योंकि लोकप्रियता पाने हेतु सरकार ने वनाधिकार पट्टा जैसी आत्मघाती योजनाएं बनाई है जिसका दुरूपयोग अधिकारियों ने करते हुये कहीं-कहीं औने पौने दामो मे जमीन बेच दी। वन्य प्राणी भी संकटापन्न हुये हैं ऐसी दशा मे वन भूमि का रकवा घटा, वन उजड़े, जल स्त्रोत कमजोर हुये, भू-जल स्तर घटा, जैव विविधता सहित हमारी वनौषधियां और जड़ी बूटियां भी विलुप्त होने के कगार पर हैं। मां नर्मदा के प्रति आज कल आस्था तो कमजोर नही हुई, परंतु राजनीति के शोर मे अधिक संकटापन्न है। ये सारे सवाल बहुत ही पीड़ादायक हैं कभी-कभी एनजीटी का फरमान भी आता है, परंतु उसका निर्देश भी नक्कारखाने मे तूती की आवाज बनकर रह जाता है। जब तक पर्यावरण संरक्षण के लिए जल, जंगल, जमीन और जैव जगत के लिए ठोस कानून और दृढ़ इच्छा शक्ति नही होगी तो सब चलता है कि शैली पर ही रहेगा जिसका घातक परिणाम आज नही बल्कि पीढियों को भुगतान होगा।

# मौत के अंजाम तक पहुंची पुरानी रंजिश



**आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन, पुलिस पर लापरवाही का आरोप**

### मारपीट में घायल वृद्ध की मौत, परिजनों ने शव रखकर किया चकाजाम

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उमनिया में पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट के मामले में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद बुधवार को मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस पर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई न करने का आरोप लगाते हुए आक्रोश जताया। परिजनों ने मृतक का शव को जोहिला पुल पर सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया तथा पुलिस के वरिष्ठक अधिकारियों को मौके पर बुलाते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्तप कार्यवाही किये जाने का लिखित आश्वाऔसन की मांग की जा रही थी। मिली जानकारी के अनुसार, 24 मई को उमनिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दादू दयाल (उम्र 80 वर्ष) के साथ घर में घुसकर रात ग्राम उमनिया में पुराने विवाद को लेकर जयप्रकाश, रमेश सिंह, सुरेश, आनंद, बाई, टेहरी बाई और रेखानी बाई ने घर में घुसकर 85 वर्षीय दादू दयाल के साथ गंभीर मारपीट की थी। इस घटना में दादू दयाल के सिर में गंभीर चोट आई थी। उनके साथ ही संतोष कोल को भी गंभीर चोटें पहुंची थीं। वहीं, बीच-बचाव करने आए पड़ोसी विनोद पर तलवार से हमला कर दिया गया, जिससे उसकी तीन उंगलियां कट गईं। घटना के बाद पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। लेकिन उपचार के दौरान 2 जून को दादू दयाल की रायपुर एम्स में मौत हो गई। इसके बाद परिजनों द्वारा आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर पहले राजेन्द्रआग्राम थाने पहुंचे और थाने का घेराव कर पुलिस के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाये गये। जिसके बाद शव को लेकर जोहिला पुल पहुंचे, जहां सड़क पर शव रखकर तीन घंटे तक चक्का जाम किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आखिरकार पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई का लिखित आश्वासन दिया, जिसके बाद आंदोलन समाप्त किया गया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है और ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। घटना के बाद उमनिया गांव में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे फिर से आंदोलन करेंगे।

# नादानी ने ले ली बच्चों की जान

**दर्दनाक हादसाः जामुन तोड़ते समय कुएं में गिरने से दो मासूमों की मौत**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जिले के ग्राम भोलगढ़ में मंगलवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां दो मासूम बच्चे खेलते-खेलते अचानक लापता हो गए। इन बच्चों की तलाश में पुलिस ने देर रात तक व्यापक सर्च अभियान चलाया, लेकिन दुखद रूप से दोनों बच्चे एक बिना मुंडेर वाले कुएं में मृत पाए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत बरबसपुर के सरपंच बिसाहूलाल रौतेल द्वारा मंगलवार की शाम लगभग 5 बजे कोतवाली अनूपपुर पुलिस को सूचना दी कि ग्राम भोलगढ़ के सोनटोला निवासी संतोष बेगा उम्र 4 वर्ष एवं परी बैगा उम्र 4 वर्ष जो कि दोपहर 3 से 3.30 बजे के बीच जमुन तोड़ने गांव के अन्य बच्चों के साथ गए थे, जिसके बाद से दोनों लापता हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में कोतवाली पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए ग्राम भोलगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में सघन सर्च अभियान चलाया। देर रात तक करीब 40 पुलिसकर्मी और दर्जनों ग्रामवासी बच्चों की तलाश में जुटे रहे। बच्चों की आखिरी लोकेशन सोनटोला जाने वाली सड़क पर बनी पुलिया के पास देखी गई थी। सर्चिंग के दौरान पुलिस को पुलिया के पास समयलाल भैना के खेत में स्थित एक असुरक्षित, बिना मुंडेर के कुएं में दोनों बच्चों के शव मिले। घटनास्थल के समीप ही जामुन का पेड़ मौजूद था, जहां बच्चे अक्सर खेलने और जामुन तोड़ने जाते थे। प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि संतोष और परी खेलते वक्त कुएं में गिर गए, जिससे पानी में डूबने से उनकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस द्वारा देर रात दोनों बच्चों के शव बरामद कर मर्ग कायम किया गया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल अनूपपुर भेजा गया, वहीं खेत मालिक द्वारा कुएं को बिना किसी सुरक्षा उपाय के खुला छोड़ देने की लापरवाही को लेकर जांच की जा रही है। पुलिस ने मामले में धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। इस दर्दनाक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है और ग्रामीणों ने भी ऐसी असुरक्षित संरचनाओं को लेकर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# लूट का अड्डा बना कृषि विकास पुष्पराजगढ़

### बैगाओं को अनुदान का गेहूं, मटर और मसूर को अपने निजी लाभ में लिया

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कृषि विकास अधिकारी पुष्पराजगढ के द्वारा व्यापक पैमाने पर बीज बांटने मे भ्रष्टाचार किया गया है। जिसकी लिखित शिकायत पुष्पराजगढ़ जनपद पंचायत के जनपद सदस्य, सरपंच और भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेताओं द्वारा भी कलेक्टर अनूपपुर को लिखित शिकायत की गई है, लेकिन एक माह गुजरने के बाद भी आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही प्रभात सिंह टेकाम कृषि विकास अधिकारी पुष्पराजगढ के विरूद्ध नही हुई। अपुष्ट सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एसएडीओ पुष्पराजगढ़ ने 2024-25 पुष्पराजगढ़ ब्लाक मे विशेष पिछड़ी जनजाति बैगाओं के लिए 90 प्रतिशत अनुदान पर गेहूं का बीज ग्राम योजना के अंतर्गत प्रदत्त किया जाना था, किन्तु एसएडीओ पुष्पराजगढ़ के द्वारा आज दिनांक तक बैगा गरीब किसानों को एक भी गेहूं बीज का वितरण नही किया गया, यही नही बात यहीं पर नही रूकती विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के लिए निःशुल्क मसूर के बीज मिनी किट भी वितरण किया जाना था, लेकिन वास्तविक पात्र किसानों को इसका वितरण नही किया गया। इसी प्रकार शासन के द्वारा मटर बीज टरफा के तहत किसानों को मटर के बीज का वितरण भी किया जाना था, लेकिन यह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। जो बीज ग्राम योजना के अंतर्गत कृषकों को वितरण किया जाना था उस बीज का वितरण भी नही किया गया। जिसकी लिखित शिकायत स्थानीय जनप्रतिनिधियां द्वारा कलेक्टर अनूपपुर को की गई है, लेकिन आज तक इस बिन्दुओं पर न ही जिला कृषि विकास अधिकारी ने कोई कार्यवाही की है और न ही शासन की इस पर नजर है, जबकि इसके पूर्व इस विभाग के जिलाधिकारी के खिलाफ व्यापक भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे जिस पर इनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज किया गया था, इसके बावजूद भ्रष्टाचार मे लिप्त कर्मचारी अधिकारी अपने भ्रष्ट आचरण से ब्राज नही आ रहे हैं। यहां प्रति किसान 40 किलोग्राम बीज 50 किसानों को देना था वही विशेष पिछड़ी जन जाति बैगाओं का पुष्पराजगढ़ में कुल 5 बीज ग्राम था जहां मंसूर मिनी किट 2000 पैकेट का भी वितरण किया जाना था, लेकिन यह सब कागजों मे वितरित हुआ, जबकि हकीकत मे सब गोलमाल कर दिया गया।




### विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज किया जाएगा पौधारोपण

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** जन एवं सामुदायिक सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण का कार्यक्रम जिला मुख्यालय अनूपपुर के सामतपुर तालाब एवं कलेक्ट्रेट परिसर में प्रातः 11:00 से आयोजित किया गया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में सभी नागरिकों से उपस्थित रहकर पर्यावरण संरक्षण संवर्धन के आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

# एक ही गैंग कर रहा था शराब तस्करी और डीजल चोरी, पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा

**लग्जरी गाड़ी में तस्करी कर रहे थे शराब, अंतर्राज्यीय डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश**



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** थाना चचाई की पुलिस टीम ने एक साथ दो मामलों का खुलासा कर दिया है। अवैध शराब तस्करी के शक में पकड़ी गई किया कैरेंस गाड़ी से जब 54 लीटर शराब बरामद हुई, तब पूछताछ में यह भी सामने आया कि यही आरोपी हाल ही में डीजल चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 23 मई को मेड़ियारास पेट्रोल पंप के पास से 250 लीटर डीजल चोरी किया था, जिसे उक्त वाहन से सेमरा गांव में बेचने जा रहे थे। शराब और डीजल दोनों के मामलों में एक ही वाहन का उपयोग किया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर लिया है। मामले की जानकारी देते हुए चचाई थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह मरावी ने बताया कि 23 मई को फरियादी रमेश यादव निवासी धिरौल थाना चचाई द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी ट्रेलर गाड़ी मेडियारास पेट्रोल पंप के पास खड़ी थी, जहां से अज्ञात व्यक्तियों द्वारा करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना प्रारंभ की गई। पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के निर्देशन में थाना प्रभारी चचाई के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। तकनीकी साक्ष्यों एवं निरंतर पूछताछ के आधार पर संदेहियों की तलाश की जा रही थी। 4 जून को रात्रि में मुखबिर की सूचना पर एक सफेद रंग की किया कैरेंस कार क्रमांक सीजी 10 बीयू 5909 को बुढ़ार से अनूपपुर की ओर अवैध वस्तु के परिवहन की आशंका में रोका गया। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त वाहन को विजय ग्राउंड के पास रोका गया। जहां वाहन चालक मनीष यादव उम्र 23 वर्ष निवासी कोटिंगपदार जिला जूनागढ़ उड़ीसा, हाल निवासी बिजुरी, उसके साथी सरताज शेख उम्र 24 वर्ष निवासी बडगहान, जिला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश), तथा कुंदन लोनी उम्र 21 वर्ष निवासी सेमरा, जिला शहडोल को हिरासत में लिया गया। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 6 कार्टून शराब पाई गई, जिनमें से 5 कार्टून प्लेन देशी शराब और 1 कार्टून में ब्लूचिप अंग्रेजी शराब के पाव कुल 54 लीटर, जिसकी बाजार कीमत 23 हजार 500 है, बरामद की गई। तीनों आरोपियों के पास से 40 हजार कीमत के मोबाइल भी जब्त किए गए। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे डीजल चोरी और अवैध शराब के परिवहन में संलिप्त हैं, और विभिन्न जिलों पेंड्रा, गौरेला, वेंकटनगर, जैतहरी, अनूपपुर, मनेंद्रगढ़, पुष्पराजगढ़, शहडोल, रीवा, सीधी, सतना, इलाहाबाद आदि क्षेत्रों में ट्रकों से डीजल चोरी करते थे। 23 मई को मेडियारास पेट्रोल पंप के पास ट्रेलर से चोरी किया गया डीजल भी इन्हीं के द्वारा किया गया था। जिसके बाद तीनों आरोपियों को धारा 34(2) आबकारी अधिनियम तथा डीजल चोरी मामले में धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत गिरफ्तार कर न्यायालय से पुलिस रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया है, ताकि इनके अन्य साथियों एवं अवैध गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सके।